श्री आलोक सिंह ने मध्य रेल के अपर महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण किया है। इससे पूर्व वे मध्य रेल के प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत थे।

भारतीय रेल यातायात सेवा १९८६ बैच के अधिकारी श्री आलोक सिंह को क्षेत्रीय रेलवे में विभिन्न पदों पर काम करने का व्यापक अनुभव है। रेलवे में सहायक परिचालन प्रबंधक के रूप में अपनी सेवा आरंभ करते हुए उन्होंने विभिन्न पदों जैसे वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी , वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मुख्य माल परिवहन प्रबंधक, उत्तर पूर्व रेलवे, मध्य रेल, प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर पूर्व रेलवे, के रूप में काम किया हैं। श्री सिंह ने मुख्य माल परिवहन प्रबंधक/मुख्य परिवहन योजना प्रबंधक गोरखपुर के रूप में यार्ड रीमॉडलिंग और प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे के रूप में लाइन क्षमता बढ़ाने के लिए ऐशबाग (एन इ आर), मानकनगर (एनआर) कॉर्ड लाइन का कार्य निष्पादन किया है।

उन्होंने भारतीय रेलवे परिवहन प्रबंधन संस्थान, लखनऊ में प्रोफेसर और सीनियर प्रोफेसर एवं कार्यकारी निर्देशक, यातायात, रेलवे बोर्ड में उल्लेखनीय कार्य किया हैं।